नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 15.12.2020

- **नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में घण्टाघर से बहादुरगंज मशीनरी मार्केट से रिक्शा स्टैण्ड से होते हुये बहादुरगंज पचराहा तक पैदल मार्च कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।**

1. स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के अन्तर्गत नागरिको को सफाई व्यवस्था के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में आज दिनांक 15.12.2020 को घण्टाघर से बहादुरगंज मशीनरी मार्केट से रिक्शा स्टैण्ड से होते हुये बहादुरगंज पचराहा तक पैदल मार्च कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नागरिको की भागीदारी बढ़ाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर निगम के अधिकारियो द्वारा रोस्टर के अनुसार मुख्य मार्गो पर पैदल मार्च किया गया है। मार्च के समय स्वास्थ्य विभाग,जलकल विभाग,निर्माण विभाग,कर विभाग एवं पथ प्रकाश एवं प्रर्वतन दल की एक–एक टीम आवश्यक उपकरणो के साथ उपस्थित रहकर जागरूकता अभियान के दौरान संज्ञान में आयी समस्याओ का तत्काल निस्तारण कराया गया। घण्टाघर से मशीनरी मार्केट में दुकानदारो द्वारा नालियो के ऊपर किये गये अतिक्रमण को मौके पर हटवाकर नालियो की साफ–सफाइ कराई गई एवं गन्दगी मिलने पर जुर्माना भी लगाया गया एवं बहादुरगंज रिक्शा स्टैण्ड के पास दुकानदारो द्वारा नालियो के ऊपर किये गये अतिक्रमण को मौके पर हटवाया गया। खराब सफाई व्यवस्था पर सफाई नायक श्री प्रेमशंकर के खिलाफ विभागीय कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सभी दुकानदारो से अतिक्रमण न करने एवं साफ–सफाई रखने की अपील की गई। पैदल मार्च के समय ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से नागरिको को स्वच्छता के प्रति सतर्कता एवं जागरूकता कोविड–19 के दृष्टिगत किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनसामान्य से अपील की गई कि स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में अपनी पूरी सहभागिता करें, जिससे अपने शहर को सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो सके। पैदल मार्च मे नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता,नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी0गौतम एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर